तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024



11 ग्यारहवीं कक्षा में प्रीति प्रथम, रोहित द्वितीय, जितेंद्र ने पाया तृतीय स्थान





11 भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे नवीन जिंदल : संभालू





MLN PUBLIC SCHOOL

EDUCATE · INNOVATE · CREATE
PROGRESSIVE SCHOOL WITH A DIFFERENCE

WE ARE EXCLUSIVE
- Theme based learning
- Digital Classrooms
- Collaboration Learning approach
- Tech-Savvy and Certified Faculty
- Foreign Language Classes
- Abacus & STEM Education
- Successful and proud Alumni around the country
- NCC, Scouts and Guides, A recognized NSS Unit
- Special Classes for Spoken English & Reasoning
- Emphasis on Olympiads, NTSE, NDA, NEET, IIT-JEE & CPT

SapLings

ADMISSIONS OPEN SESSION 2024-25

FREE SWIMMING CLASSES FOR ALL STUDENTS

MLN SPORTS ACADEMY
BOXING | BADMINTON | SWIMMING | TABLE TENNIS | KABADDI | CRICKET




## खबर संक्षेप

### 31 मार्च को रात 12 बजे तक खुलेगी ट्रेजरी-बैंक

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वित्त वर्ष की समाप्ति को देखते हुए जिला खजाना कार्यालय सहित संबंधित बैंक शाखा व पोस्ट आफिस को 31 मार्च को रात 12 बजे तक खुला रखने के निर्देश जारी किए हैं। डीसी ने वित्तीय नियमों और खजाना महानिदेशक के आदेशों का हवाला देते हुए ये आदेश जारी किए हैं।

### देसी पिस्तौल सप्लाई करने के आरोपी काबू

कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव युनिट ने देसी पिस्तौल सप्लाई करने के केस में दो आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस के एचसी तरसेम सिंह की टीम ने खनोरी बाईपास कैथल के पास से आरोपी बुढ़ा खेड़ा निवासी विक्रम उर्फ विक्की को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था।

### 30 और 31 मार्च को पेट्रोल पंप खुले रहेंगे

जींद। ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर एसो.के तेलूराम ने बताया कि एसो.की तरफ से हड़ताल की कोई घोषणा नहीं की गई है। संगठन से जुड़े सभी रिटेल डीलर 30 और 31 मार्च को पेट्रोल पंप खुले रखेंगे। डीलर मार्जिन बढ़वाने के लिए देश प्रदेश की अनेक एसो.अपना प्रयास कर रही हैं। तेल विपणन कंपनियों ने डीलर प्रतिनिधियों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर रखा है।

### निमार्णाधीन एक्सप्रेस वे से चोरी के आरोपी दबोचे

कैथल। निमार्णाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे से लोहा का सामान चुराने के मामले की जांच चौकी संगतपुरा पुलिस इंचार्ज एएसआई विक्रम सिंह की अगुवाई में एचसी महिपाल द्वारा करते आरोपी गांव ठरवा पंजाब निवासी सोनू तथा बिट्टु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला चरखी दादरी के गांव बोंद कलां निवासी अनुज ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### पैसे नहीं देने पर बेटे ने बुजुर्ग मां को पीटा

जींद। माल गोदाम रोड पर मां ने रुपये नही दिए तो बेटे ने हमला कर उसे घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल मां की शिकायत पर बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल गोदाम रोड निवासी विनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

### सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत, शिकायत दर्ज

कैथल। अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसों में एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। पहले मामले में गांव देवबन के सुखविंद्र सिंह ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि 28 मार्च को वह, उसका चाचा मनोज जो ग्रह रक्षी विभाग में गुरुग्राम में नौकरी करता है और चाचा का लडका अमन देवबन से कार में गांव सौंगल जा रहे थे।

### घर का ताला तोड़कर अनाज के कट्टे चोरी

जींद। गांव बोहतवाला में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर गेहू व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने मालिक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बोहतवाला निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर चार कट्टे गेहूं के चोरी कर लिए है।

### स्वास्थ्य महानिदेशक के जींद अस्पताल निरीक्षण का असर

# फरवरी में 82 सिजेरियन 78 गर्भवतियां रेफर की गई

कुलदीप संधू ▶▶| जींद

तीन दिन पहले स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रणदीप पूनिया द्वारा नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी समस्या रेफर केस आए। जिसकी जांच करवाने के निर्देश दिए गए थे। आदेशों पर सीएमओ डा. गोपाल गोयल द्वारा चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी एक सप्ताह में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी। फरवरी महीने में नागरिक अस्पताल से 78 गर्भवति महिलाओं को रेफर किया गया है जबकि 82 महिलाओं का सिजेरियन हुआ है। इसके अलावा 240 महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी हुई है। ऐसे में डिलीवरी के रेफर होने वाले केसों की जांच शुरू होने से हडकंप मच गया है। नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां केवल एक महिला चिकित्सक के सहारे ही डिलीवरी व सिजेरियन किया जा रहा है। हालांकि अस्पताल ने पांच निजी महिला चिकित्सकों को पैनल पर लिया हुआ है। चार डिप्टी सीएमओ करेंगे रेफर केसों की जांचः नागरिक अस्पताल में पिछले छह महीने में कितनी महिलाओं की डिलीवरी करवाई गई तथा कितनी महिलाओं को रेफर किया गया। रेफर करने के पीछे कोई ठोस कारण था या फिर काम से बचने के लिए इन महिलाओं को रेफर किया गया। इन केसों की अब जांच होगी। सिविल सर्जन ने चार डिप्टी सिविल सर्जन की कमेटी बना कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। यह जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में पूरी करके स्वास्थ्य निदेशालय भेजी जाएगी। फरवरी महीने में नागरिक अस्पताल से 78 गर्भवति महिलाओं को रेफर किया गया है जबकि 82 महिलाओं का सिजेरियन हुआ है। इसके अलावा 240 महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी हुई है।

## डिलीवरी के रेफर होने वाले केसों की जांच प्रारंभ




जींद। नागरिक अस्पताल में स्थित महिला वार्ड। फोटो :हरिभूमि

### सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट : सीएमओ



सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि रेफर हुए केसों की जांच को लेकर चार डिप्टी सिविल सर्जन की कमेटी बना दी गई है। कमेटी छह माह के गायनी विभाग के रिकार्ड को जांचने का काम करेगी। यह जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को भेजी जाएगी।

### ये रहेंगे कमेटी में शामिल

सिविल सर्जन ने अब डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. संदीप लोहान तथा महिला रोग विशेषज्ञ डा. स्वाति बिंदलिश की कमेटी गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट एक सप्ताह में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को भेजी जाएगी। इस समय नागरिक अस्पताल में केवल एक महिला चिकित्सक डा. नेहा हैं जो डिलीवरी व सिजेरियन करवाती हैं। इसके अलावा ओपीडी के लिए अन्य महिला रोग विशेषज्ञ हैं।

# हांसी ब्रांच में मृत मिले व्यक्ति की हत्या कर नहर में डाला था

## तीन दिन पूर्व मिला शव, पोस्टमार्टम में हत्या का खुलासा

- मृतक कौन,शिनाख्त नही सिर में मारी गई थी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ईक्कस के निकट तीन दिन पहले हांसी ब्राच नहर मे मिले मृत व्यक्ति की हत्या की गई थी। शव को खुर्दबुर्द करने के नियत से नहर में फैंका गया था। मृतक की शिनाख्त न होने से शव नागरिक अस्पताल में रखवाया है। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज कर मृतक की फोटो इलाके के थानों को भेज दी है। सदर थाना पुलिस ने 26 मार्च शाम को गांव ईक्कस के निकट आउटर पुल हासी ब्रांच नहर से एक 30 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया था। शव पीछे से नहर मे बहकर आया था। मृतक के पास से ऐसा कुछ बरामद नही था जिससे शिनाख्त हो सके। मृतक ने हल्की दाढी रखी हुई थी। दाहिने हाथ में लोहे का कडा है। नीले रंग की जींस, फुल बाजू की टी शर्ट पहनी थी। सिर में चोट का निशान भी था। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने शव की दशा को देखते हुए खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया था।

### खुर्द-बुर्द की नीयत से नहर में फेंका

मृतक के पोस्टमार्टम मे सामने आया कि की युवक की मौत डूबने से नही हुई बल्कि सिर मे चोट मार कर हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को खुर्दबुर्द करने की नियत से नहर मे डाला गया था। जो बह कर हांसी ब्रांच नहर में गांव ईक्कस के निकट पहुंच गया। सदर थाना पुलिस ने गांव रामराय निवासी सुमित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज किया है। हालांकि मृतक की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। सदर थाना के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि हांसी ब्रांच नहर से मृत मिले व्यक्ति की हत्या की गई थी। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल मे रखवाया गया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। नहर इलाके के सभी थाना क्षेत्रों को सूचना दे दी गई है।

## लाइसेंस धारक असले को नजदीकी थाने में जल्द जमा करवाएंः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने के लिए एसपी उपासना ने जिला के सभी असला लाइसेंस धारकों को हथियार जल्द अपने नजदीकी थाना में जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। एसपी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला में कानून व्यवस्था तथा सौहार्द पूर्ण माहौल कायम रखने के लिए सभी थाना प्रबंधकों को आदेश दिए गये है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के लाइसेंसी असला धारकों के हथियार शीघ्रातिशीघ्र थाना में जमा करवाने के लिए प्रेरित करें। चुनावों को निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए ये अति आवश्यक है कि हम आदर्श आचार संहिता के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपने निजी स्वार्थ से हटकर प्रत्येक नागरिक को देश के सबसे बड़े पर्व को सफल बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। इसके साथ एसपी ने जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील की कि वे सभी जल्द से जल्द अपने शास्त्र अपने नजदीकी या संबंधित थाना में जमा करवाएं।

### कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी को किया घायल

कैथल। चीका क्षेत्र के एक गांव में एक आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी को घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला को पीजीआई चंडीगढ़ दाखिल करवाया है। पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि वह मजदूरी करता है। उसका पिता संजय उसकी मां पर शक करता है। वह न तो खुद कोई काम करता है और न ही शक के कारण उसकी मां को काम करने देता है। शक के कारण उसके पिता संजय की पहले भी उसकी मां के साथ कई बार लड़ाई झगड़ा किया। 27 मार्च को रात करीब डेढ़ बजे वह, उसका पिता और उसकी मां सो रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में थे। उसके पिता ने उससे पानी मांगा। उसकी दादी पानी लेकर आई उसके पिता ने पानी लेने से मना कर दिया।

### बाइक सवारों ने बुजुर्ग को बातों में उलझा अंगूठी हडपी

जींद। बाइक सवार दो युवकों ने बाजार जा रहे बुजुर्ग को बुढापा पैंशन तथा रोजगार कैंप लगे होने का झांसा देकर सोने की अंगूठी को निकाल लिया। आरोपित युवक बुजुर्ग को पुराना बस अड्डे के निकट छोड़ कर फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी मोहनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर से पैदल बाजार में सामान लेने जा रहा था। कुंदन सिनेमा के पास बाइक सवार दो युवकों ने पुराना बस अड्डे पर बुढापा पैंशन तथा रोजगार कैंप लगे होने की बात कह कर बातों में उलझा लिया। जिसके बाद युवकों ने उसे बाइक पर अपने बीच में बैठा लिया। पुराना बस अड्डे के निकट उसे युवकों ने नीचे उतार दिया और फरार हो गए। जब उसने अपने हाथ में पहनी सोने की अंगूठी संभाली तो वह गायब मिली। शहर थाना पुलिस ने बुजुर्ग मोहन लाल की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जींद की 19 ग्राम पंचायतों को टीबी फ्री घोषित किया

- आचार संहिता के चलते नही हो पाई तेइस मार्च को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की 19 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन पंचायतों को पहले क्षय रोग दिवस पर 23 मार्च को सम्मानित किया जाना था लेकिन आचार संहिता की वजह से अब इन सभी पंचायतों को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। जिले की 26 ग्राम पंचायतों ने अपने आपको टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया था लेकिन बाद में जिला और राज्य स्तर पर सत्यापन में केवल 19 ग्राम पंचायतें ही टीबी मुक्त निकली। सात ग्राम पंचायतों को प्रक्रिया से फिलहाल बाहर कर दिया है। अब सभी ग्राम पंचायतों को लोकसभा चुनाव के बाद कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने का काम स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने ऐसी ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट मांगी थी। जहां पर एक हजार की जनसंख्या के पीछे 30 सैंपल टीबी जांच को लेकर लिए गए थे। इसके अलावा ब्लगम की जांच 85 फीसदी रही थी। विभाग गाइड लाइन के मुताबिक 26 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त को लेकर नामांकित हुई थी।

### 19 ग्राम पंचायत होंगी सम्मानित

नोडल अधिकारी डा. संदीप लोहान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य केवल कुछ गांव को नहीं बल्कि पूरे जिले के सभी गांव व वार्डो को टीबी मुक्त करना है। जिले की 26 में से 19 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित विभाग ने की हैं। चुनाव आचार संहिता के चलते अब उनको चुनाव प्रक्रिया पूरा होने के बाद सम्मानित किया जाएगा।

### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

पूंडरी। पूंडरी हुड्डा कालोनी में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी स्थानीय निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हुड्डा कालोनी में खाली पड़े प्लाटों में नाले का पानी हर समय जमा रहता है। जिससे वहां रहने वाले लोगों में बीमारियां फैलने का खतरा तो है ही, पूरा दिन पानी में से आने वाली बदबू से भी परेशान हो जाते है। स्थानीय निवासी रमन हाबड़ी, मा. सुनील वालिया, नरेश कुमार, मोहनलाल, दिवाकर वालिया, जोगिंद्र बत्तान, भीम सिंह व प्रिंस ने बताया कि अनाज मंडी व हुड्डा के बीच की जो सड़क है, उसके साथ बना नाला से टूटा हुआ है और अवरुद्ध पड़ा हुआ है। जिसका पानी हुड्डा के खाली पड़े प्लाटों में एकत्रित हो जाता है। जिसमें पुरा दिन मक्खी मच्छर पनपते रहते है। पानी में विषैले जीव है, जो रात को स्थानीय निवासियों के घरों में भी घुस जाते है। वे शिकायत लेकर नगरपालिका जाते है तो वे कहते है कि हुड्डा अब उनके अधीन नहीं है, हुड्डा विभाग के अधिकारी कहते है कि अभी नगरपालिका ही देखेगा। फतेहपुर पंचायत कहती है कि हुड्डा व अनाज मंडी से उनका कोई वास्ता नहीं है।




राजौंद। धरना स्थल पर प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मांग पूरी होने तक जारी रहेगा धरना

राजौंद। राजौंद में कॉलेज बनाओ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ को लेकर चल रहे धरने के 64वें दिन धरने की अध्यक्षता राकेश राणा ने की। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती धरना चलता रहेगा और जितना लंबा धरना चलेगा उतना ही बीजेपी को आने वाले लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। राकेश राणा ने कहा कि यह धरणा बीजेपी के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। इस दौरान प्रवक्ता काका राणा ने कहा कि जब तक बस स्टैंड के सामने कॉलेज नहीं बनेगा धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों में आए दिन रोष बढ़ रहा है लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को आने वाले इन चुनाव में जरूर भुगतना पड़ेगा। सभी वक्ताओं ने सरकार से आह्वान किया कि वह इस जायज मांग को शीघ्र पुरा करें। इस दौरान सरदार जसवंत सिंह, नरेंद्र प्रजापत, पवन पहलवान , बलवंत रोहेडा, बबलु राणा ,महिपाल लहरी, रोमी राणा ,सुरेश राणा, वकील, सुभाष, विनोद सेन, गिरधारी राणा, टीटू राणा, सिंधु बाबा, मकोड़ा,गौरव राणा , बलजीत शर्मा, महेंद्र कश्यप, रोशन कश्यप,कर्मवीर राणा आदि मौजूद रहे।

### 21.05 ग्राम हेरोइन के बाइक सवार युवक काबू

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने रोहड के निकट बाइक सवार युवक को काबू कर कब्जे से 21.05 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव रोहड निवासी निर्मल सिंह नशीले पदार्थ बेचने का कारोबार करता है। जो नशे के साथ बाइक पर असंध से गांव की तरफ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव रोहड बस अड्डे पर नाकेबंदी कर असंध की तरफ से आने वाले बाइक सवारों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक युवक बाइक पर असंध की तरफ से आया। पुलिसकर्मियों ने युवक को रोक कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 21.05 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव रोहड निवासी निर्मल के रूप में हुई।



जींद। जनसभा को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।

### मुख्यमंत्री छह को जींद में जनसभा को करेंगे संबोधित

जींद। नई अनाज मंडी में छह अप्रैल को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल हलका स्तरीय चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को लेकर जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने नई अनाज मंडी का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी आढ़ती एसोसिएशन के साथ बैठक भी की। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि यह हलका स्तरीय चुनावी जनसभा है। जनसभा को लेकर एक अप्रैल को सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल कौशिक भी जींद आएंगे। वह उनके साथ जींद का दौरा भी करेंगे। विधायक मिड्ढा ने कहा कि भाजपा सरकार ने सर्वहिताय को लेकर कार्य किया है। पंक्ति के अंतिम छौर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। जींद के लिए जब भी उन्होंने जो भी सरकार से मांग की, उसे पूरा किया गया। आज देश तथा प्रदेश में भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग खुश है। इसी के चलते देश में भाजपा 400 पार तथा हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने का काम करेंगी। इस मौके पर मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बबलू गोयल सहित अन्य आढ़ती भी साथ रहे।

### कांग्रेस के बड़े नेता हार के डर से नहीं लड़ रहे चुनाव : रणजीत

# प्रदेश की दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के दस की दस लोकसभा सीट के जीत के दावे पर बोलते हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला ने कहा कि खुद भूपेंद्र हुड्डा लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे है। कांग्रेस के जो बड़े नेता है उन्हें लोकसभा चुनाव में हार से डर लग रहा है इसलिए वो चुनाव नहीं लड़ रहे है। प्रदेश की दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा। मतदाता तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपने का काम करेंगे। भाजपा के 400 पार के नारे को सिद्ध करने का काम मतदाता करेंगे। बीते लोकसभा चुनाव में जो जीत भाजपा को मिली थी उससे बड़ी जीत इस बार भाजपा को मिलेंगी। लोगों में जिस तरह से उत्साह नजर रहा है उससे साफ है कि उचाना हलके में भाजपा बड़ी जीत लोकसभा चुनाव में करेंगी।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रणजीत चौटाला।

सीएम की जनसभा को लेकर ली रणजीत चौटाला ने बैठक

### ये रहे मौजूद

महाराजा अग्रसेन मंदिर में आयोजित कार्यकर्ताओं की मीटिंग में बोलते रणजीत चौटाला ने कहा कि 30 मार्च को उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी आ रहे है। जनसभा कपास मंडी में आयोजित होगी। जनसभा में उमड़ी भीड़ उचाना हलके से रिकॉर्ड जीत का संदेश देंगी। हिसार में आयोजित कार्यक्रम में सावित्री जिंदल सहित अनेकों गांवों के सरपंचों, प्रमुख लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। इस चुनाव में सभी हलकों में एक-दूसरे से अधिक जीत भाजपा को देने की होड होगी। भाजपा सरकार ने जो वायदे किए उन वायदों को पूरा करने का काम किया। इंडिया गठबंधन के जो सूत्रधार थे आज वो इंडिया गठबंधन में नहीं है। बिहार के सीएम नीतिश कुमार, पश्विच बंगाल की सीएम ममता बनर्जी इससे अलग हो चुकी है। जीरो बराबर जीरो का परिणाम जीरो होता है। ये गठबंधन पूरी तरह से जीरो है। गठबंधन का उद्देश्य सिर्फ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से रोकना है जिसमें ये कामयाब नहीं होंगे। जिलाध्यक्ष राजू मोर, ओमप्रकाश नैन, ओमप्रकाश थुआ, देवेंद्र अत्री, बलकार डाहोला, सुरेंद्र आर्य घोघड़िया, इंद्र सिंह मोर, रिछपाल काब्रच्छा, दलबीर, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सैन समाज कल्याण सभा का चुनाव नौ को

**जींद।** सैन समाज कल्याण सभा की बैठक प्रधान हरिसिंह की अध्यक्षता में सैन धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य सभा के आगामी चुनाव को लेकर रहा। उन्होंने कहा कि सभा कार्यकारिणी का कार्यकाल आठ अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इसलिए नई कमेटी का चुनाव करवाया जाए। जिस पर निर्णय लिया गया कि नौ अप्रैल को धर्मशाला में ही चुनाव करवाया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बिघाना से महिला के सदिंग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बिघाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 24 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### कांग्रेस के राज में हुआ हर वर्ग के लिए काम

**उचाना।** कांग्रेस नेता दिलबाग संडील का करसिंधु गांव पहुंचने पर एससी समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया। दिलबाग संडील ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हर वर्ग के लोगों के लिए काम हुए है। एससी समाज के हित के अनेकों योजनाएं कांग्रेस सरकार में बनी। भाजपा सरकार ने सिर्फ लोगों से झूठे वायदे किए। कोई भी वायदा पूरा नहीं किया।

### मदद के लिए आगे आए डेरा अनुयायी

**जुलाना।** कस्बे के वार्ड 10 में जरूरतमंद बेटी की शादी में मदद के लिए डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी आगे आए और परिवार की मदद की। ब्लाक भंगीदास सुभाष इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा सदैव ही मानवता भलाई के कार्यों में आगे रहता है। चाहे वो रक्तदान, शरीर दान, गरीबों को मकान बना कर देना, आंखों के निशुल्क ऑपरेशन, अंगदान, सफाई अभियान ही क्यों ना हो।

### इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के उपप्रधान बने अंकित

**जींद।** जींद इलेक्ट्रिक एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राजकुमार गर्ग ने की। बैठक में सर्वसम्मति से अंकित जैन को एसोसिएशन का उपप्रधान नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सचिव राजकुमार पवार, कोषाध्यक्ष प्रेम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दो अप्रैल को होगी पंचायत

**उचाना।** गुरूकुल खेड़ा एकता कमेटी के सदस्य आजाद पालवां ने बताया कि गुरूकुल खेड़ा में 31 मार्च को गुरूकुल के संबंध में होने वाली पंचायत किन्हीं कारणों से दो अप्रैल को आयोजित होगी। क्षेत्र के गणमान्य, बुद्धिजीवी लोग इस पंचायत में शामिल होकर अपने सुझाव दे। इस मौके पर डॉ. संजय बधाना, कृष्ण बड़ौदा, सोमदत्त शर्मा थुआ, कृष्ण शर्मा सुदकैन खुर्द मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने ली सुपरवाइजरों की बैठक

**सफीदों।** आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सफीदों के नायब तहसीलदार राजेश गर्ग ने सफीदों विधानसभा क्षेत्र के चुनावी सुपरवाइजरों की एक बैठक नगर के मिनी सचिवालय में ली। इस मीटिंग में नायब तहसीलदार ने चुनाव से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी बूथ पर तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। अगर किसी कार्य में दिक्कत है तो उसे समय रहते दुरूस्त कर लिया जाए।

### जुलाना हलके के बुथों का एडीसी ने किया दौरा

**जुलाना।** लोकसभा चुनाव को लेकर जींद के एडीसी डा. हरिश वशिष्ठ ने हलके के चुनाव बुथों का दौरा किया। एडीसी ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक संपन्न होना चाहिए। इसके लिए सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करें। सभी बूथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।

---

## आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी विजिल एप पर करें

# चुनाव होने तक अधिकारी नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

### सोशल मीडिया सहित सभी मीडिया माध्यमों पर रहेगी पैनी नजर, मात्र 100 मिनट में होगी कार्रवाई : मोहम्मद इमरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोडऩे के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है और पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक किसी भी समय जिला के अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जरूरी परिस्थितियों में केवल स्वीकृति लेकर ही जिला मुख्यालय छोड़े। उन्होंने कहा है कि आदेशों की अवहेलना करने पर उल्लंघना करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### भ्रामक खबरों पर भी रखी जा रही कड़ी नजर

भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए आने वाली भ्रामक खबरों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके दायरे में यूट्यूब चौनल के माध्यम से आने वाली खबरें भी आएंगी। इसके लिए आयोग ने एक्सपर्ट टीम तैयार की है जिसमें आईटी से जुड़े लोगए मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी शामिल हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा

#### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी

लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हेंडल आदि का राजनीतिक दल और प्रत्याशियों को सावधानी के साथ प्रयोग करना होगा। चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर जारी होने वाली हर सूचना पर भारत चुनाव आयोग सहित जिला निर्वाचन कार्यालय की पैनी नजर रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत चुनाव आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित की है। टीम ना केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का अनर्गल पोस्ट करने से बचें।

#### अपना पहचान पत्र बनवा लें युवा

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा है कि जो युवा एवं युवती जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पार कर चुके हैंए उन्हें नामांकन प्रक्रिया शुरु होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करना प्रत्येक मतदाता के लिए गौरव की बात भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा.2024 आम चुनाव को देश का गौरव का नारा दिया गया है। प्रत्येक मतदाता को चुनाव में भाग लेना चाहिए। इस चुनाव के लिए हरियाणा प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू होगी। नया वोटर आईडी कार्ड पाने के लिए युवाओं को इस तारीख से पहले आवेदन करना होगा। जिन युवाओं की आयु जनवरी को 18 वर्ष हो गई है वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र से पफार्म नंबर 6 लेकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीईओईसीआई हरियाणा.जीओवी वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक अन्य हेल्पलाइन एनवीपीएस पोर्टल है। इसकी जानकारी वोटर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से भी ली जा सकती है।

#### आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करें सी विजिल एप पर

जिले में लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग के सी विजिल ऐप पर दर्ज कराई जा सकती है। जिले में लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। एप पर शिकायत करने पर सिर्फ 100 मिनट के अंदर ही कार्रवाई कर ली जाएगी। निर्वाचन विभाग के अनुसार आम लोगों को चुनाव में कहीं शराब तो कहीं पैसा बांटने की सूचना मिल जाती है।

---

# डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी का सम्मान

- हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक का लाखन माजरा में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधन समिति हरियाणा द्वारा लाखन माजरा रोहतक गुरुद्वारा में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के शहादत दिवस को भारत सरकार द्वारा वीर बाल दिवस घोषित करवाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने 2017 से 2021 तक जींद में रहते हुए लगातार संघर्ष किया था। जिसमें उन्होंने स्कूली बच्चों के द्वारा दो लाख पत्र लिखवा कर प्रधानमंत्री को भेज कर मांग की थी कि देश धर्म पर बलिदान होने वाले बच्चों के बलिदान को सरकार और समाज से मान्यता नहीं मिली है। इनमें से गुरु गोविंद सिंह के बच्चों बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह जिन्होंने मात्र छह और आठ वर्ष की अवस्था में सवारे्च्च बलिदान देकर उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसलिए उनके बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाए। उन्होंने हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री को भी हजारों पत्र लिखवाया थे। जींद शहर में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस अपने प्रयासों से मना कर शहर की सभी संस्थाओं को इस अभियान में शामिल किया था। इसके अलावा उपायुक्त के माध्यम से प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित करवाने का प्रयास किया। जिस पर प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की।



**जींद।** डा. धर्मदेव विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।




**जींद।** सांग का मंचन करते हुए सांगी कलाकार। *फोटो :हरिभूमि*

### मदनमोहन गोशाला में पिंगला भरथरी सांग का मंचन

**सफीदों।** ऑल इंडिया यूथ वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में उपमंडल के गांव मुआना स्थित मदनमोहन तीर्थ गौशाला में पिंगला भरथरी नामक सांग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा, सतपाल प्रधान, राजेश शर्मा, किरणपाल राणा, राजा राम व सतीश वर्मा ने शिरकत की। संस्था की सचिव दीपिका ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र''वलित करके किया गया। इस मौके पर सांगी संजय की टीम ने पिंगला भरथरी नामक सांग का मंचन करके सभी का मन मोह लिया। सांग में दिखाया गया कि उ'जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य के भाई का नाम राजा भतृरि था। किसी समय में राजा भतृरि बहुत ज्ञानी राजा थे, लेकिन वे दो पत्नियां होने के बावजूद भी पिंगला नाम की अति सुंदर राजकुमारी पर मोहित हो गए। इसी तरह कहानी आगे बढ़ी। राजा भृतहरि की आंखें खुली और पिगला के लिए घृणा भी जागी। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### डिप्रेशन दूर करने की दवा योग पद्धति : मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

श्रीएसएस जैन सभा स्थानक उचाना में उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज ने कहा कि आज का युग आधुनिक है। कंप्यूटर नवीनतम उपकरण है तो ध्यान प्राचीनतम पद्धति है। कंप्यूटर ने पूरे विश्व को अपने में समेटा तो ध्यान ने समग्र जीवन का बारिकी से दर्शन करवाया। जिस तरह से कंप्यूटर बड़े-बड़े प्रश्नों को मिंटों में हल करने की ताकत रखता है तो ध्यान भी तन, मन की कठिनतम समस्याओं को परेशानियों से सुलझाने की क्षमता अपने में रखता हैं। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर का मूल अर्थ है गिनने वाला। वैसे ही गणित के द्वारा भी ध्यान होता है। मानव जितना गणित में पारंपगत होगा उतना ध्यान करने में समर्थ होगा।

---

# कार्यक्रम में पहुंचने का दिया निमंत्रण

- सीएम नायब सिंह सैनी आज कपास मंडी में जनसभा को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सीएम नायब सिंह सैनी की शनिवार 30 मार्च को कपास मंडी की जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा नेताओं ने ताकत झौंक दी है। गांव-गांव जाकर टीम बना कर ग्रामीणों को लेकर आने का निमंत्रण भाजपा नेता दे रहे है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के परिवार के भाजपा छोड़ने के बाद भाजपा के लिए ये रैली शक्ति प्रदर्शन होगी। इस रैली से हलके में भाजपा की स्थिति का पता लगेगा। 2014 में बीरेंद्र सिंह के भाजपा में आने से पहले भाजपा कभी भी उचाना से नहीं जीती थी। विधानसभा के बाद लोकसभा में भी भाजपा ने जीत दर्ज की। अब इस रैली पर सबकी नजर है। सीनियर नेता ओमप्रकाश थुआ, संदीप आर्य घोघड़िया, रिछपाल काब्रच्छा, बलकार डाहोला सहित अन्य भाजपा नेता अपनी टीम के साथ लगे हुए है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि रैली में रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ेगी।

रैली को लेकर लोगों में उत्साह है। मतदाता पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों से खुश है। प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कामों से हर वर्ग खुश है।



**जींद।** आयोजित जनसभा को लेकर जानकारी देते संदीप आर्य घोघड़िया।

### युवा लें देश की तस्वीर बदलने का संकल्प

**नरवाना।** नरवाना के केएम कॉलेज परिसर में वीरवार को एनएसयूआई पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के युवा नेता आदित्य सुरजेवाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कॉलेज परिसर में पहुंचने पर युवा कांग्रेस के हलका प्रधान अभिषेक नैन, केएम कॉलेज नरवाना एनएसयूआई प्रधान सुखदेव उझाना और अन्य युवाओं द्वारा फूलमाला और गर्म जोशी से आदित्य सुरजेवाला का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस नेता आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि एनएसयूआई का मुख्य उद्देश्य छात्र हित की राजनीति करते हुए छात्रों के अधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाना है।

# हिंदू कन्या कॉलेज में सेमिनार

- नई तकनीक से उद्यमिता में जोखिम कम होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में वाणि'य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग एवं ईडीसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमी भारत एक आकर्षक दृष्टि विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को डीजीएचई हरियाणा द्वारा मंजूरी दी गई थी। उद्घाटन सत्र सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। जिसके बाद प्राचार्या डा. पूनम मोर, वाणि'य विभाग की विभागाध्यक्षा डा. उपासना ने सेमिनार के संयोजक के रूप में थीम का प्रमाणीकरण किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के डायरेक्टर डा. सुनील शुक्ला ने अल्प विकसित रा'यों में उद्यमवृत्ति विकास कार्यक्रम चलाने और विकास कायोंर् के लिए व्यापक कार्य योजनाएं तैयार करने के विषय में विस्तृत चर्चा की। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. नीरा वर्मा ने विचार सांझा किए।



**जींद।** सेमिनार में भाग लेते प्राध्यापक। *फोटो :हरिभूमि*

---




**जींद।** कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### बाल विद्यालय में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के उत्कृष्ट बाल विद्यालय में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर ध्रुरव शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आरोग्यम अस्पताल के संचालक डा योगेश नांदल ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए डा योगेश नांदल ने कहा कि अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा के माध्यम से परिवार और गांव का नाम रोशन किया जा सकता है। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, डा. सुनील, धमेंर्द्र कोच, पंचायत समिति सदस्य सुधीर लाडवाल, जसमेर सिंह, संदीप, राजेंद्र दलाल, सत्यवान कौशिक, रेनू, रेखा, भारती, कविता, गीता, सरिता आदि मौजूद रहे।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

- विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका : डा. कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप नारा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विवि स्तर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संपर्क विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होगा। विभाग प्रभारी डा. रितु रानी ने कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रयुक्त नूतन शिक्षण प्रवृत्तियों और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं मूल्यांकन पर चर्चा की गई और साथ ही विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहायक प्राध्यापकने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है।



**जींद।** बैठक में भाग लेते अभिभावक व प्राध्यापक। *फोटो :हरिभूमि*




**जींद।** प्रतियोगिता के लिए रवाना होती टीम। *फोटो :हरिभूमि*

### नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए टीम रवाना

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कल्चरल टीम इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। इसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय की दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और नेशनल यूथ फेस्टिवल में अच्छा प्रदर्शन करने और जीतने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों को बहुत अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करवाता विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय की स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम नेशनल लेवल पर इंटर युनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो रही है। यह सब उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है और कहा कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें और वहां से जीत के साथ वापस आए।

---

## सैनी धर्मशाला में कान्फेड के नवनियुक्त चेयरमैन का स्वागत

# स्वार्थ रहित राष्ट्र की सेवा भाजपा की सोच: सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित व जनहित के लिए काम करती है। मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को कान्फेड का चेयरमैन बना कर ये उदाहरण पेश किया है। यह बात कान्फेड के नवनियुक्त चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने अपने स्वागत में संबोधित करते कही। इससे पहले लोगों ने फूल मालाओं तथा पगड़ी पहनाकर कर्मवीर सैनी का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक डा कृष्ण मिड्ढा, जवाहर सैनी, अंकित शर्मा ने भी लोगों को संबोधित किया। सैनी ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व जेपी नड्डा, नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने एक फौजी के बेटे और किसान के बेटे जो मेहनतकश, ईमानदार व 36 बिरादरी के लिए काम करने वाले नेता को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना यह साबित कर दिया कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता सीएम और पीएम बन सकता है। मौके पर सैनी सभा के प्रधान रामकुमार सैनी, सैनी समाज हरियाणा के प्रधान गुरनाम सैनी, हलका प्रधान एवं सैनी धर्मशाला के प्रधान जिले सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।




**जींद।** कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी का स्वागत करते गणमान्य लोग। *फोटो :हरिभूमि*

#### सेवा करने में कसर नहीं छोड़ूंगा

उनके मान सम्मान को बरकरार रखूंगा और 36 बिरादरी की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। कर्मवीर सैनी व विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हम सब प्रचार.प्रसार के लिए दिनरात एक करके पार्टी की मजबूती के लिए सभी 10 सीट जीत के लिए काम करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि छह अप्रैल को जींद की अनाजमंडी में मुख्यमंत्री नायब सैनी आ रहे हैं। उनके मान.सम्मान में हजारों की संख्या में ढोल.नगाड़ों के साथ शामिल होंगे और यह विश्वास दिलाएंगे कि हम सब आपके साथ हैं। सैनी ने कहा कि जो मान-सम्मान के लिए सात अप्रैल सैनी समाज व अन्य समाजों द्वारा कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में ऐतिहासिक रैली रखी है, मुख्यमंत्री के मान-सम्मान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल भी शामिल होंगे। उनको सम्मानित किया जाएगा।




**जींद।** प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### गोपाल स्कूल ने जारी किया वार्षिक परीक्षा परिणाम

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय ने शुक्रवार को दूसरे चरण में बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया। इससे पहले 27 मार्च को विद्यालय प्रथम चरण में प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर चुका है। विद्यालय प्रशासन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां मेघा व सोनल ने कक्षा 6 से 11 कक्षा तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मंच पर आमंत्रित किया। जिनको बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे संस्कार केंद्र प्रमुख महावीर गर्ग, पूर्व छात्र परिषद् प्रमुख डा. निकिता व विद्यालय प्राचार्य बलबीर द्वारा सम्मानित किया गया। महावीर गर्ग ने छात्रों को उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्य द्वारा साधुवाद देते हुए संस्था के प्रति अभिभावकों के सहयोग की प्रशंसा की गई। डा. निकिता ने किसी भी कारण स्थान प्राप्त न कर पाने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन किया। संदीप गर्ग ने आमंत्रित अतिथि गण का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव पंकज शर्मा व कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता द्वारा अभिभावक व छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने 20 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में सुभाष नगर की संतोष रानी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 26 मार्च को आरोपी मनोज, संजय, रमनी, जोनी, सुक्खा, सुनील, डार्क लाइफ कैफे संचालक, मित्ता, बज्जू व शोकी ने ऋषि नगर में उसके बेटे टीटू को डंडे व लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, शिकायत दर्ज

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने विवाहिता दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। एक गांव की विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि गांव के ही विजय से उनकी जान-पहचान है। 18 मार्च को रात के समय आरोपी दीवार फांदकर उनके घर में घुस गया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसे जातिसूचक शब्द भी कहे। जांच अधिकारी महिपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिना मान्यता वाले प्राइवेट स्कूलों पर शिक्षा विभाग की कार्रवाई

# शिक्षा विभाग ने 26 स्कूलों को भेजा नोटिस, 31 के बाद होंगे बंद

नरेश पंवार ▶▶ कैथल

बिना मान्यता वाले प्राइवेट स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग की नहर टेड़ी हो गई हैं। विभाग ने जिले में बिना मान्यता के चल रहे 26 स्कूल संचालकों को नोटिस भेजकर उन्हें 31 मार्च तक का समय दिया है। अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद इन स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा जारी किए गए इन आदेशों से इन स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि जिले में जहां 603 राजकीय स्कूल चलाए जा रहे हैं तो वहीं 289 प्राइवेट स्कूल भी चलाए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं लेकिन इसके बावजूद आज भी सैकड़ों स्कूल बिना मान्यता के चलाए जा रहे हैं। ऐसे स्कूल संचालकों द्वारा विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के भविष्य से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि ये स्कूल विभागीय नियमों पर खरा नहीं उतरते। यही कारण है कि अब तक इन स्कूलों को विभाग द्वारा मान्रयता नहीं दी गई। खास बात यह भी है कि शिक्षा विभाग इन स्कूलों को कई बार बंद करने का ऐलान कर चुका है लेकिन हर बार ये स्कूल संचालक कोई न कोई अनुरोध कर समय सीमा बढ़वा लेते रहे हैं।



**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### नियमों को सरेआम दिखा रहे टेंगा

अकसर देखने में आया है कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूल अधिकतर कस्बों व गांवों में चल रहे हैं। भले ही इनके पास मान्यता न हो लेकिन इनके पास विद्यार्थी 12वीं तक के पाए गए है। ये स्कूल संचालक किसी दूसरे स्कूल से सांठगांठ कर अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन उनके यहां करवाते हुए बोर्ड की परीक्षा दिला देते हैं। ऐसे में बिना निर्धारित मापदंड के विद्यार्थियों को इसका खामियाजा उठाना पडता है तथा कई बार रोल नंबर न जारी होने के कारण विद्यार्थियों का साल भी बर्बाद होता है।

### कार्रवाई होगी



कुछ स्कूल बिना नियमों के चलते हुए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना मान्यता वाले स्कूलों को नोटिस दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**विजय लक्ष्मी** जिला शिक्षा अधिकारी

### इन 26 स्कूलों को थमाया नोटिस

| | |
|---|---|
| ❑ सरस्वती विद्या मंदिर, खेडी लांबा। | ❑ शिक्षा पब्लिक स्कूल ग्योंग। |
| ❑ शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल, खेडी लांबा। | ❑ सरस्वती पब्लिक स्कूल, कैथल। |
| ❑ गीता विद्या मंदिर, कोलेखां। | ❑ एसडी मार्डन पब्लिक स्कूल, बाता। |
| ❑ हरियाणा पब्लिक स्कूल, ढूंढवा। | ❑ गीतांजलि पब्लिक स्कूल, करोडा। |
| ❑ एसवीएम स्कूल, खरक पांडवा। | ❑ गीता मनोहर पब्लिक स्कूल, नंदकरण माजरा। |
| ❑ गीता मॉडल स्कूल, वजीर नगर। | ❑ सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, भाना। |
| ❑ चौधरी देवीलाल पब्लिक स्कूल, बालू। | ❑ हिमालय पब्लिक स्कूल सेरधा। |
| ❑ ज्ञानदीप विद्या मंदिर, खेडी शेरखां। | ❑ नेशनल मॉडल स्कूल सीवन। |
| ❑ बाबा कालंबो वाला पब्लिक स्कूल सिंह। | ❑ सरस्वती मिडल स्कूल बडसीकरी। |
| ❑ शहीद उधम सिंह पब्लिक स्कूल भूसला। | ❑ नवज्योति पब्लिक स्कूल, चूहडमाजरा। |
| ❑ गीता निकेतन पब्लिक स्कूल भूना। | ❑ ग्रीन वे पब्लिक स्कूल, संगतपुरा। |
| ❑ न्यू अनमोल दीप पब्लिक स्कूल शादीपुर। | ❑ शहीद भगत सिंह, बरटा। |
| ❑ स्वीफट इंटरनेशनल स्कूल क्योडक। | ❑ आदर्श पब्लिक स्कूल, बरटा। |


**पूंडरी।** सम्मेलन को संबोधित करते अभय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

# कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव कमेरे व लुटेरे वर्ग के बीच : अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

इनेलो लोकसभा प्रत्याशी विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र में चुनाव की लड़ाई कमेरे और लुटेरे वर्ग की है। भाजपा से जो प्रत्याशी नवीन जिंदल को उतारा गया है, वो ईडी के डर से आया है, सबसे बड़ा कोयला घोटाला व्यापारी है और आम आदमी का प्रत्याशी शराब माफियों के साथ इनके संबंध रहे है, तभी इनके मुखिया आज जेल में है। वे पूंडरी में एक निजी पैलेस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले जो वायदे किए थे, उनमें से एक को भी पुरा तो नहीं किया, उल्टा प्रदेश सहित देश में हिंदू-मुस्लिम को आपस में लड़वाया। किसानों ने अपनी मांगों को मनवाने के लिए लंबे समय तक दिल्ली में आंदोलन किया और काले कानून वापिस करवाए। हमने आगे बढ़कर किसानों की मदद की। भाजपा ने प्रदेश में राजकुमार सैनी जैसे लोगों को आगे करके जातीय दंगे प्रदेश में करवाए। इतिहास गवाह है कि जब-जब पूंजि-पतियों और किसानों के बीच में जंग हुई है तो जीत किसानों की हुई है। ये चुनाव भी ऐसा ही है, जिसमें निश्चित तौर पर उनकी जीत होगी। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि प्रदेश में जेजपी के गठबंधन से लूट खसौट की सरकार चली हुई थी। वर्ष 2022 में आमदनी दूगनी करेंगे, के बारे में जनता ने सरकार से पूछना शुरू किया तो तीन काले कृषि कानून लाकर सामने खड़े कर दिए। 380 दिन किसानों व मजदूरों को संघर्ष करना पड़ा।

### यै रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी, जिला अध्यक्ष राजाराम, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष ईश्वर मैहला, डा. संदीप संगरौली, शशी भूषण वालिया, रामप्रकाश गोगी, ओमप्रकाश कैरां, हलका अध्यक्ष इंद्र सिंह पाई, युवा प्रदेश सचिव सोनू शर्मा संगरौली प्रभारी, सुरजीत पबनावा, राजेश शर्मा, सुभाष बाल्मीकि, रतनलाल शर्मा म्यौली व नेपाल हाबड़ी भी मौजूद थे।

# रावमावि गयोंग के प्राध्यापकों ने किया डोर-टू-डोर सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सरकार के आदेशानुसार सरकारी स्कूलों मे 18 मार्च से 13 अप्रैल तक नामांकन बढाने हेतु सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गयोंग कैथल के प्राध्यापकों द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे किया गया। इस दौरान बच्चो के माता पिता को विद्यालय की सुविधाओं से अवगत करवाया गया। प्रधानाचार्य जयपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय की लड़कियों और लडके पढ़ाई के साथ-साथ सुबह शाम हैंडबॉल व कबड्डी की मेहनत करती है और अच्छे परिणाम भी लेकर आ रही है। विद्यालय में सुशिक्षित अध्यापक है। खुली और हवादार कक्षाएं, 24 घंटे बिजली और पानी की सुविधा। बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी और खेलने के लिए खेल के मैदान की व्यवस्था। कंप्यूटर लैब और भाषा प्रयोगशाला की व्यवस्था। बच्चों के लिए विज्ञान प्रयोगशाला की उचित व्यवस्था है। एससी/बीसी बीपीएल छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि का प्रावधान 2 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले एससी लड़के और लड़कियों के लिए मुफ़्त साइकिल, कक्षा / से 3 तक के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन की व्यवस्था। बच्चों के लिए स्वच्छ, साफ और ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिशन बुनियाद के तहत मुप्त प्रशिक्षण की व्यवस्था। निःशुल्क वर्दी, पुस्तकें, स्कूल बैग और स्टेशनरी। इस पर नरेंद्र पाल, कमलेश रानी,अनूप धीमान, मोहनलाल डीपी, नीतू गर्ग, नीलम रानी, वी टी. मीना शर्मा, रणदीप सिंह, संजय गुप्ता प्रवक्ता उपस्थित रहे।


**कैथल।** डोर-टू-डोर सर्वे करते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक दो को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन पूंडरी कार्यालय में 2 अप्रैल, यूएचबीवीएन गुहला कार्यालय में 9 अप्रैल, यूचबीवीएन कैथल के कार्यालय में 16 व 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

# भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे नवीन जिंदल : संभालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

कुरुक्षेत्र से भाजपा द्वारा नवीन जिन्दल को टिकट देने से यहां लोगों में भारी खुशी का आलम है। उक्त जानकारी देते हुए पार्षद प्रतिनिधि संभालू जिंदल, ललित जिंदल, अमरीक पार्षद, हरदीप सिंह, बलबीर, रणजीत गुरदयाल सिंह ने बताया कि लोकसभा कुरुक्षेत्र के चुनाव भारी मतों से जीतेंगे। उन्होंने बताया कि हमेशा ही जिन्दल ने लोगों के बीच एक सांसद की परिभाषा दी है। उन्हेंने बताया कि राजनीति जन सेवा का बड़ा माध्यम हैं और उनकी सेवाओं को जनता आज भी भली भांति याद रखे हुए हैं, फिर चाहे आंखों का कैम्प हो, चाहे कन्यादान राशि, खेलों में योगदान, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किताबें और बीमारी में हर वर्ग के जरूरतमंद के लिए निःस्वार्थ कर्म करते रहे हैं। इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला आई. टी. प्रमुख युवा मोर्चा भाजपा कुलदीप माजरा ने बताया कि उद्योगपति नवीन जिंदल के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को कुरुक्षेत्र के अलावा हिसार में भी फायदा होगा। यही नहीं आने वाले विधानसभा चुनाव में इससे हिसार विधानसभा सीट के समीकरण भी बदलेंगे।


**गुहला-चीका।** जानकारी देते हुए पार्षद प्रतिनिधि संभालू जिंदल व अन्य।

# ग्यारहवीं कक्षा में प्रीति प्रथम, रोहित द्वितीय, जितेंद्र ने पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

न्यूटन पब्लिक स्कूल कैथल मे जूनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक प्रवीन प्रजापति ने सभी उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम घोषित करते प्रधानाचार्या रेखा ने कहा कि विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। ग्यारहवीं कक्षा में प्रथम प्रीति, द्वितीय रोहित, तृतीय जितेंद्र, नौवी कक्षा में प्रथम अमन, द्वितीय मुस्कान, तृतीय हार्दिक, आठवीं कक्षा में प्रथम अनुराग, द्वितीय हरमन,हर्ष, तृतीय तानिया,गर्विता, सातवीं कक्षा में प्रथम रुहान, द्वितीय शिवानी,सेवातिका, तृतीय हेमंत रहे इसी तरह छठी कक्षा मे प्रथम मनप्रीत , द्वितीय तुरण्या, तृतीय ज्योति और वंश, पांचवीं कक्षा में प्रथम पलक जैस्मिन, द्वितीय तानिया, तृतीय कृष चौथी कक्षा में प्रथम महेश सानवी, द्वितीय वानी तृतीय मितेश मानवी व तीसरी कक्षा के परिणाम में प्रथम आंशुमान सिंह, द्वितीय गुरबाज सिंह,अनूप तृतीय समर रहे कक्षा दूसरी में प्रथम अनमोल, रुद्रा, द्वितीय वीरेन तृतीय अनुष्का व कक्षा पहली मे प्रथम रितिक, सक्षम, द्वितीय भूमिका, राजबीर तृतीय जसप्रीत सिंह और दीपिका रहे।


**कैथल।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य रेखा व प्रवीन प्रजापति

### पीड़ित का हाल जानने नहीं पहुंचा कोई भी अधिकारी

**गुहला-चीका।** उपमंडल गुहला के गांव रिवाड़ जंगीर में दो दिन पूर्व गैस सिलेंडर फटने से लगी आग से एक गरीब मजदूर सतपाल का घर जलकर राख हो गया था परंतु चार दिन बीतने के बावजूद भी उसका हालचाल जानने के लिए कोई भी अधिकारी नहीं आया, जिसके चलते लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस बीच पीड़ित परिवार को के बीच पहुंचे बाल्मीकि महापंचायत के सदस्यों ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि भाजपा सरकार बेशक दबे व कुचले समाज के लोगों के उत्थान के लिए बड़े बड़े दावे कर रही हो परंतु जिस तरीके से रिवाड़ जंगीर के उक्त गरीब परिवार की सुध लेने के लिए उपमंडल का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है।

# चीका मंडी में अवैध कब्जों को लेकर लोगों ने की नगरपालिका प्रशासन को शिकायत

■ अवैध कब्जा करके गलियों को काफी हद तक रोक लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

चीका शहर में पिछले काफी समय से हो रहे अवैध कब्जों से परेशान लोगों ने आज नगरपालिका में जाकर लिखित शिकायत की और कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने व कब्जे छुड़वाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजसेवी मोनू, शिव कुमार, गुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, अजय कुमार, संजीव कुमार, राजू, दिलबाग सिंह आदि ने बताया कि दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा करके गलियों को काफी हद तक रोक लिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी में कोई सफाई कर्मचारी नहीं आता, जिसके चलते मंडी में गंदगी के बड़े बड़े ढेर लग गए हैं। मंडी में गलियां बंद होने व भीड़ बढ़ने के कारण हर रोज दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। उन्होंने बताया कि छोटी मंडी में तो दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे समान रखकर अवैध कब्जे किए हुए ही हैं, इसके अतिरिक्त शहर की ग्रीन बेल्टों में भी लोगों द्वारा अवैध कब्जे करके शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि चीका शहर के सौन्दर्यरीकरण को बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा लगभग 20 साल पहले शहर के चारों मुख्य मार्गों से अवैध कब्जे हटवाकर शहर में कई जगह ग्रीन बेल्टों का निर्माण किया गया था परंतु वर्तमान में प्रशासन द्वारा बनाई गई ग्रीन बेल्ट में एक बार फिर लोगों द्वारा अवैध कब्जे कर लिए गए हैं।

### अवैध कब्जे हटाए जाएंगे

नगरपालिका सचिव राजेश शर्मा ने कहा कि शहर में अवैध कब्जे हटाओ अभियान चलाया जा रहा है और जिन लोगों द्वारा अब फिर अवैध कब्जे करने की शिकायत आई है, उस पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा और एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जे हटा दिए जाएंगे।

### गायत्री स्कूल ने मनाया वार्षिक परिणामोत्सव समारोह

**कैथल।** माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें टॉप थ्री स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप लेखन व पठनीय सामग्री के साथ ही प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल में सभी बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत संबोधन में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आयुष गर्ग ने बताया कि विद्यालय लगातार उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर हैं।

### लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने, शत प्रतिशत मतदान की सुनिश्चितता के लिए की चर्चा

# लोकसभा चुनाव को लेकर थाना गुहला में अंतरराज्यीय समन्वय मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में गुहला थाना में कैथल और पंजाब पुलिस तथा क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों के साथ इंटर स्टेट तालमेल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हरियाणा सीमा से लगने वाले पंजाब के जिलों के पुलिस अधिकारियों ने भाग लेकर लोकसभा चुनाव और अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों को रोकने पर चर्चा की। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि इस दौरान बैठक में नशा तस्करी, शराब तस्करी, अवैध खनन और अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए रोडमेप तैयार किया गया। हरियाणा व पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आपस में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में वांछित और उद्घोषित अपराधी, नशा तस्करों, शराब तस्करों, गैर सामाजिक तत्वों की सूची भी दोनों राज्यों की पुलिस ने आपस में आदान-प्रदान की है ताकि सीमांत क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई में बेहतर समन्वय बनाया जा सके। साथ ही सीमाओं पर सुरक्षाबलों की ओर से बॉर्डर पेट्रोलिंग, नाकाबंदी के लिए संयुक्त अभ्यास और समन्वय स्थापित करने की प्रणाली भी बनाई गई। इस दौरान विशेष बातचीत करते डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि अक्सर अपराधी क्राइम करने के बाद एक दूसरे राज्य में जाकर शरण ले लेते हैं और उन्हें पकड़ने में पुलिस को काफी परेशानी उठानी पड़ती है तथा अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर रहता है।


**कैथल।** डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल मौजिज व्यक्तियों की बैठक लेते हुए।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक दौरान पंजाब पुलिस से डीएसपी समाना नेहा अग्रवाल आईपीएस, एसएचओ पसियाना, एसएचओ सदर समाना, एसएचओ सिटी समाना, पुलिस चौकी रामनगर प्रभारी, कैथल से एसएचओ थाना गुहला, चीका, सीवन, ट्रेफिक, चौकी प्रभारी भागल, रामथली, हरनोली, मेहमूदपुर, सीआईए-1 व 2 प्रभारी, पीओ स्टाफ इंचार्ज, सीआरओ एचसी मंदीप जांगडा तथा क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों व आमजन मौजूद रहे।

### उपमंडलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुहला-चीका।** मतदान लोकतंत्र का महान पर्व है, सभी आम लोग इस पर्व पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। यह विचार कृष्ण कुमार एचसीएस, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम गुहला ने मतदान केंद्रों की व्यवस्था को चेक करते हुए मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर एवं बीएलओ कर्मचारियों को कहे। उन्होंने पिछले आम चुनावों के दौरान कुछ मतदान केंद्रों पर रहे कम मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि सभी बीएलओ कर्मचारी मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान को प्राथमिकता दें। एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि कोई भी नागरिक वोट के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क रहें और वो अपने क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम चला कर डोर-टू-डोर लोगों में मतदान के महत्व को सांझा करें। उन्होंने स्लोगन, प्रभात फेरियों व रैली आदि निकालने तथा प्रार्थना सभा में स्कूली बच्चों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी कृष्ण कुमार ने बीएलओ की मीटिंग ली और कहा कि सभी संबंधित विद्यालय इंचार्ज, सुपरवाइजर व बीएलओ अपने-अपने मतदान कक्ष की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा खिड़की-दरवाजे खोलने व बंद करने में किसी प्रकार की कमी ना हो। उन्होंने गुहला, चीका कन्या, चीका आदर्श विद्यालय के सभी मतदान केंद्रों की व्यवस्था जांचीं। इस अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल तक योग्य वयस्क लोगों की नई वोट बनानें के लिए फॉर्म संख्या 6 भरा जा रहा है।



### शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक : एडीसी



**कैथल।** एडीसी एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी जया श्रद्धा ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से वोटर जागरूकता के लिए स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्ट्रॉल पार्टिसिपेशन) अभियान चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य मतदाताओं विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं को वोट बनवाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। स्वीप अभियान में विशेषकर उन क्षेत्रों पर ज्यादा जोर दिया जाएगा जहां पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम दर्ज किया गया था।उन्होंने कहा कि स्वीप अभियान के तहत अनेक प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया गया है। स्वीप अभियान में इन विभागों को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारियां एडीसी एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि स्वीप टीम में शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आईटीआई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चुनाव कार्यालय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, रेडक्रास, खेल, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पंचायत विभाग, नगर निकाय विभाग, जिला परिषद, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय तथा नेहरू युवा केंद्र एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़े लोगों को शामिल कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर मतदाता कर सकते हैं मतदान



**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है।

#### ये दस्तावेज दिखाकर करें मतदान

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### ढांडा खाप का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन 31 को

**जींद ।** ढांडा खाप के प्रधान देवव्रत ढांडा ने कहा कि 31 मार्च को ढांडा खाप (ढांडा), मोहिल मल्हान, महलान, महला, महलावत, मावलिया का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन खाप के आधार कैथल जिले के धनौरी गांव की अनाज मंडी में होगा। ढांडा भवन के निर्माण बारे व सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरुक करेंगे।

### गहने, नकदी, सिलेंडर और कपड़े चोरी, केस

**कैथल।** अलग-अलग मामलों में चोर गहने, नकदी, सिलिंडर व कपड़े चोरी कर ले गए। पुलिस ने तीन मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गुहला निवासी संजय कुमार ने चीका थाना में शिकायत दी कि 23-26 मार्च के बीच अज्ञात आरोपी ढाबे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए।

### मासिक वैदिक सत्संग आज

**सफीदों।** आर्य समाज सफीदों के प्रधान यादविंद्र बराड़ ने बताया कि समाज का मासिक वैदिक सत्संग आगामी 31 मार्च रविवार को सुबह 8 से 12 बजे तक नगर के नहर पूल स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित किया जाएगा। जनोपदेशिका बहन तन्नू आर्या तथा प्रवचनकर्ता स्वामी धर्मदेव महाराज शिरकत करके आर्य समाज की अलख जगाएंगे।

## चुहड़पुर-चांदपुर गांव में समस्याओं का अंबार

# पीने के पानी की किल्लत, गलियां कच्ची नहरी पानी को तरसे ग्रामीणों में रोष

गांव की कुल आबादी तीन हजार है तो यहां के मतदाता 1500 के आसपास है। गांव की साक्षरता दर 80 प्रतिशत के करीब है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

जींद-कैथल मार्ग पर स्थित चुहड़पुर (चांदपुर) गांव में समस्याओं का अंबार है। गांव के लोग काफी समय से खेतों में नहरी पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव की कुल आबादी तीन हजार है तो यहां के मतदाता 1500 के आसपास है। गांव की साक्षरता दर 80 प्रतिशत कही जा सकती है। गांव में पीने के पानी की किल्लत के अलावा अधिकतर गलियां कच्ची है। जिसके चलते विकास की तुलना में गांव अभी पिछड़ा हुआ है। हालांकि फिलहाल विकास के कुछ कार्य जरूर हुए हैं लेकिन अभी भी गांवों के लोगों को विकास की दरकरार है।



अलेवा। चुहड़पुर (चांदपुर) गांव में लगे गंदगी के अंबार। *फोटो : हरिभूमि*

### भाई चारा कायम

गांव चांदपुर निवासी सुखबीर ने बताया कि बुजुर्गों से सुना है कि करीब 200 वर्ष पूर्व गांव में चुड़िया नामक व्यक्ति का आगमन हुआ था। जोकि बांगड़ गौत्र से संबंधित था। उसी के नाम से गांव का नाम चुहड़पुर पड़ा। जोकि बाद में चौटाला सरकार ने गांव की मांग के अनुसार चांदपुर कर दिया। हालांकि गांव में नरवाल गौत्र के लोग ज्यादा हैं, लेकिन बांगड़ गौत्र के लोग आसपास ही हैं। गांव के दोनों गौत्र के लोगों में आपसी भाईचारा है और गांव के छोटे-मोटे मामले गांव स्तर पर ही निपटाने का काम किया जाता है। गांव के लोग सार्वजनिक कामों के लिए हमेशा से तत्पर रहते हैं। गांव के ही रामकुमार ने बताया कि गांव में पानी निकासी न होने से तालाब ओवरफलो रहते है। पंचायत द्वारा निकासी के लिए नाले आदि बनवाए थे। जिससे नाले अब गंदगी से भरे पड़े हैं। जिला प्रशासन कोई सहयोग नहीं कर रहा है। गांव की आबादी छोटी होने के बाद गांव में प्रशासनिक स्तर पर कोई ज्यादा सुधार नहीं है।

गांव में एक छोटा उप स्वास्थ्य केंद्र जरूर है, लेकिन फिर भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शहरों तथा कस्बों की तरफ रूख करना पड़ता है। वहीं रघुबीर ने बताया कि गांव के खेतों को नहरी पानी का अभाव है। गांव की कुछ आबादी में ही नहरी पानी आता है, लेकिन उनको भी कई-कई बाद नहरी पानी के दर्शन होते हैं। नहरी पानी के अभाव में जमीन बंजर हो चली है। जमीनी स्तर का पानी खारा है। जिसके कारण खेती समबर्सीबलों के पानी पर निर्भर होकर रह गई है। नहरी पानी के अभाव में फसलों के उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए अनेक बार स्थानीय विधायकों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। वहीं चांदीराम ने बताया कि गांव की गलियों में निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गलियों में पानी जमा रहता है। जिसके कारण गांव के लोगों में हमेशा बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। गांव में व्यायाम शाला बनाई जाए। गांव में एक नर्सिंग कालेज हो ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में गांव के युवा पीछे नहीं रहे। गांव में लाईब्रेरी खोली जाए। जिससे गांव का माहौल अच्छा होगा और गांव के विद्यार्थी मिल बैठकर चर्चा कर सकेगें।

### विकास के कामों को होगी प्राथमिकता : राजेश नरवाल

गांव के सरपंच राजेश नरवाल ने बताया कि अबकी बार विकास के कामों पर 'याद्या जोर दिया जाएगा। गांव में कई जगहों पर गलियों में खाली खड़े बिजली के पोलों को हटवाने के अलावा साफ-सफाई कर विशेष जोर दिया जाएगा। हालांकि शिक्षा और स्वास्थ्य के मामलों को प्राथमिकता के तौर पर लिया जाएगा। सरकार से मांग है कि विकास कायाऱ्े के लिए 'याद्या से 'साद्या बजट दें ताकि गांव के विकास कायाऱ्े पर लगाया जा सके।

## राजकीय कॉलेज के छात्रों ने मतदान के प्रति चलाया जागरुकता अभियान




जुलाना। जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डा. जगबीर कुंडू ने की। शिविर का शुभारंभ योग व प्रार्थना के साथ हुआ।

नीरज धानिया ने स्वयंसेवकों को लोकतंत्र में मतदान के विषय पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मत लोगों की ताकत होता है। अपने मत का सदुपयोग करके हम लोकतंत्र को बचा सकते हैं। लोकतंत्र को पाने के लिए असंख्य शहीदों ने अपनी शहादत दी है। यदि हम उनके बलिदान को समझते है तो लोकतंत्र बचाना हमारा परम कर्तव्य है। स्वयंसेवकों ने मतदान के महत्व को समझा और यह प्रण किया कि वो मतदान जरूर करेंगे और अपने आसपास के लोगो को भी जागरूक करेंगे। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली। उसके पश्चात स्वयंसेवकों ने एनएसएस पार्क में पौधों को पानी दिया और पार्क को प्लास्टिक मुक्त किया।

### लोकसभा चुनाव के मध्य किसी बड़े फैसले की तैयारी में ढांडा खाप

**कलायत।** कलायत क्षेत्र के गांव धनौरी अनाज मंडी में 31 मार्च को होने वाले ढांडा खाप के वार्षिक सम्मेलन की सफलता को लेकर खाप ने पूरी ताकत झोंक दी है। लोकसभा चुनाव के बीच होने वाले इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए खाप के सभी वर्तमान मंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक और सांसदों को शिरकत के लिए न्यौता दिया गया है। तैयारियों को जायजा लेने के लिए खाप प्रधान देवव्रत ढांडा ने सम्मेलन स्थल अनाज मंडी का दौरा करते हुए राजा राम, बलबीर सिंह, प्रेम सिंह, बलबीर सिंह, बीरा राम, किरपाल सिंह, जोगिया ढुलेदार, कर्मवीर सिंह, बलवान सिंह, शमशेर सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू, दिलबाग सिंह और दूसरे बड़े-बुजुर्गों के साथ व्यापक मंत्रणा की।

### रामफल पिल्लूखेड़ा मंडल अध्यक्ष मनोनित

**जींद ।** भारतीय जनता पार्टी ने पिल्लूखेड़ा मंडल के अध्यक्ष रामफल मोरखी ने जिलाध्यक्ष राजकुमार राजू मोर व प्रदेश संगठन से विचार विमर्श करके पिल्लूखेड़ा मंडल के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। कार्यकारिणी में रामफल मोरखी अध्यक्ष, मुकेश लुदाना महामंत्री बनाया गया है।

### किसान कभी भी मंडी में बेच सकता अपनी सरसों

**उचाना।** अब किसान को अपनी सरसों की फसल सरकारी रेट पर बेचने के लिए किसी तरह का इंतजार नहीं करना होगा। किसान साफ, सुखी फसल लेकर मंडी आए। फसल का पंजीकरण होना जरूरी है। जो भी सरसों की फसल सरकारी मापदंड पर खरीद होगी उसको आते ही सरकारी भाव पर खरीदा जाएगा।

# पुलिस ने काटे दर्जनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर एस.पी. उपासना के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस काफी सख्त हो गई है नतीजत ट्रैफिक एस.एच.ओ. एस.आई. रमेश कुमार की अगुवाई में कुछ दिनां से ट्रैफिक पुलिस ने चीका शहर में डेरा डाला हुआ है और ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के धड़ाधड़ चालान काटे जा रहे हैं तथा इसके साथ ही आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे जागरूक भी किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस को कुछ दिनों से लगातार इस प्रकार की शिकायतें मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट से डरावनी आवाजें निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा की जा रही है, जिसके चलते एस.पी. ने सख्ती का आदेश दिया और यातायात पुलिस द्वारा ऐसे लोगों पर सख्ती शुरू करते हुए ऐसे शरारती लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

यातायात पुलिस अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों को जनता के हितों के लिए ही बनाया गया है और उन्हीं हितों के चलते पुलिस लोगों से कानून का पालन करने के लिए ड्यूटी भी कर रही है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही ना बरतें क्योंकि लापरवाही की वजह से हम स्वयं के लिए तो मुश्किलें पैदा करते ही हैं अलबत्ता दूसरों व अपने परिवार के साथ भी एक तरह का धोखा करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं है बल्कि आमजन की जिंदगी को बचाना है।



गुहला-चीका। लोगों के चालान काटते हुए यातायात पुलिस इंचार्ज रमेश कुमार

# मॉडल संस्कृति स्कूलों में दाखिला फीस का विरोध

- मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मॉडल संस्कृति स्कूलों में लागू की गई दाखिला फीस के विरोध में जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जींद के माध्यम से मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला निदेशक और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में सरकार की दोहरी नीति के खिलाफ भेज चेताया कि एक तरफ तो निशुल्क गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का प्रचार कर रहे है और दूसरी तरफ राजकीय विद्यालयों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी भाषा के नाम पर फीस लागू की गई जोकि शिक्षा के अधिकार का सरासर उल्लंघन है। राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय में दाखिला संबंधी जारी की गई हिदायतों पर दोबारा से पुनर्विचार करते हुए पत्र जारी किया जाए। आरटीई नियम के अनुसार 6 से 14 वर्ष के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का प्रावधान है। परंतु सरकार दाखिला फीस व मासिक फीस लेकर इसका उल्लंघन कर रही है। सरकार द्वारा जारी निर्देश नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध है, नई शिक्षा नीति में बच्चों को उसकी मातृभाषा में शिक्षा दिया जाने का प्रावधान है। परंतु इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम को अपनाया गया है जो की नई शिक्षा नीति का घोर अपमान है और अधिकारी जानबूझ कर इसे लागू कर रहें हैं। पूर्व जिला प्रधान रूपेंद्र गोयत ने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के पास बहुत सारे ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जो की मॉडल संस्कृति नहीं है वहां से जो बच्चा पांचवीं पास करके जाएगा, उनका दाखिला लेने में अत्यधिक समस्या आएगी। क्योंकि वे केवल हिंदी माध्यमिक विद्यालय में ही दाखिला लेना चाहते हैं। इससे छात्र संख्या काफी कम होगी। एक तरफ तो सरकार हरियाणा चिराग योजना चलाकर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को प्राइवेट विद्यालय में फ्री में शिक्षा दिलवा रही है और दूसरी तरफ राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से फीस ली जा रही है जोकि अनुचित है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद इसका पुरजोर विरोध करता है तथा सरकार से मांग करता है कि यह सभी प्रावधान हटा कर मॉडल संस्कृति स्कूलों के बारे में नए निर्देश जारी किए जाएं।



जींद। मॉडल संस्कृति स्कूलों में लागू की गई दाखिला फीस के विरोध में ज्ञापन भेजते संघ के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### मौजूद रहे

इस अवसर पर राजेश खर्ब, अभिमन्यु, रामकेश दलाल, देवीदयाल, राजेश, सोमदत्त सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे।



जींद। सीआरएसयू की विजेता टीम का स्वागत करते हुए कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन।

### नॉर्थ ईस्ट जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में सीआरएसयू के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कराटे महिला टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में ब्रॉज मेडल जीते। विजेता खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कराटे महिला टीम ने चंडीगढ़ की पंजाब विश्वविद्यालय में दस से 14 मार्च तक आयोजित हुई नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और 15 से 20 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में हिस्सा लिया था। खिलाड़ी सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल तथा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए भी ब्रॉज मेडल हासिल किया। टीम रूप से कुमिते में किरण, दीपशिखा, 'योति व रहीमा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में ब्रॉज मेडल हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने सिल्वर मेडल और 68 किलोग्राम से ऊपर भारवर्ग में दीपशिखा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मेडल जीता।

### नई वोट बनवाने के लिए 26 अप्रैल तक

**कैथल ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 18 व 19 वर्ष के ऐसे युवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचियों में दर्ज नही है, वे सभी आगामी 26 अप्रैल तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने के लिए ऑफलाइन एवं पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या लघु सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता है।

# इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में किया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में आज शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दूसरी कक्षा से नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम को घोषित करने के साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा रही थी। हर कोई अपना वार्षिक रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों को दिखाकर खुश होता नजर आया। अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापकगण एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया के श्रेयस्कर कार्य अनुभव के लिए धन्यवाद किया। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम भी हमेशा की तरह शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए बच्चों व अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी और साथ ही यह भी कहा कि यह बच्चों की वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करके पुरजोर मेहनत करने का संकल्प भी दिलाया। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर बधाई दी और नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।



कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते अभिषेक सहारण तथा तनु पुनिया

### पुलिस ने ट्रेस किए 24 व्यक्तियों के गुम हुए करीब 3 लाख 84 हजार रुपये मूल्य के मोबाइल फोन

**कैथल।** एसपी उपासना के दिशा निर्देश पर चलाई जा रही एक स्पेशल मुहिम के तहत साइबर सैल कैथल पुलिस द्वारा 24 व्यक्तियों के गुमशुदा महंगे मोबाइल फोन ट्रेस आउट करके बरामद कर लिए गये। जिन्हें शुक्रवार की सुबह डीएसपी गुरविंदर सिंह द्वारा कार्यालय में उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए सभी 24 मोबाइल फोन करीब 3 लाख 84 हजार रुपए से ज्यादा मूल्य के आंके गए है। अपने गुम हो चुके मोबाइल फोन के मिलने की उम्मीद गंवा चुके उक्त लोगों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी, जो कैथल पुलिस का धन्यवाद करते थक नहीं रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश की अनुपालना करते हुए साईबर सेल इंचार्ज एएसआई सतबीर सिंह की अगुवाई में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के मामलों की जांच के दौरान हरियाणा के विभिन्न अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया गया, जो उक्त गुमशुदा फोन को लावारिश हालात में मिलने उपरांत यूज कर रहे थे। जिनके कब्जे से नियमानुसार कार्रवाई अंतर्गत पुलिस द्वारा 24 मोबाइल फोन जब्त कर लिए गये थे। डीएसपी गुरविंदर सिंह ने कहा की किसी व्यक्ति के फोन गुम होने की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा गुमशुदा फोन को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया जाता है।



### युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगे 15 लाख

**कैथल।** सीवन पुलिस ने युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर तीन आरोपियों ने 15 लाख 50 हजार रुपये ठगने का मामला प्रकाश मं आया हे। बाद में आरोपियों ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर युवक को मुबंई में रखकर तरह-तरह की प्रताडऩाएं भी दी। उसे पीटा और जनवरी के महीने में नग्न अवस्था में कमरे में बंद कर एसी चला दी। ठंड से युवक की तबियत खराब हो गई। बाद में रुपये लेकर आरोपियों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर उसे छोड़ दिया। पुलिस ने मामले में दंपत्ति और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव भूना के सोनू ने सीवन थाना में शिकायत दी कि धर्मवीर कश्यप उसका रिश्तेदार है और विदेश भेजने का काम करता है। जुलाई 2023 को वह उनके गांव भूना आया और कहने लगा कि वह सोनू को विदेश में भेज देगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा गेट पास

# जिले की 35 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद

- सरसों की खरीद कार्य जारी, गेहूं की आवक जल्द होगी शुरू मंडियों में, करें पर्याप्त प्रबंध
- गेहूं खरीद के कार्य को लेकर अधिकारी मंडियों में तमाम प्रबंध करें सुनिश्चित : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने कहा कि एक अप्रैल से अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो जाएगा इसको लेकर अधिकारी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर लें। एसीएस डा. सुमिता मिश्रा शुक्रवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रबि फसल खरीद कार्य को लेकर समीक्षा कर रही थी। समीक्षा बैठक के बाद डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने फसल खरीद से सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली और जानकारी देते हुए कहा कि अबकि बार गेहूं की बंपर पैदावार होने की सम्भावना है। जिसमें जिला की 35 अनाज मंडियों, खरीद केंद्रों में लगभग साढे छह लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए संबंधित अधिकारी गेहूं खरीद व उठान को लेकर समय रहते तैयारियां मुक्कमल कर लें। कृषि विभाग से जुडे. अधिकारियों को कहा कि जो भी किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुए हैं, उनका पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।



जींद। वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी रजा।

### मंडियों में किसानों के लिए हो पर्याप्त व्यवस्था

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए किए सभी अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में साफ.-सफाई के साथ-साथ पेयजल, शौचालय, बिजली, बारदाना, तिरपाल की व्यवस्थाओं को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को ही गेट पास मुहैया करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल खरीद के तुरंत बाद संबंधित खरीद एजेंसी उठान करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए ट्रांसपोर्टर को विशेष निर्देश दिए जाएं। इस अवसर पर सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाटए नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, डीएफएससी निशांत राठी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक गिरीश नागपाल व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### डेंगू, मलेरिया को लेकर विभाग सतर्क

**जींद।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू बीमारियां के संभावित खतरे के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी कालवा के तहत आने वाले गांवों में विभिन्न तालाबों में गंबूजिया मछली डाली। हैल्थ इंस्पैक्टर बिजेंद्र बूरा, संदीप कुंडू व विनोद बंसल ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो जाती है जो कि साफ पानी में अंडे देते हैं। डेंगू बुखार संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से व मलेरिया बुखार मादा एनफ्लीज मच्छर के काटने से होता है। विभाग द्वारा मच्छर की रोकथाम के लिए तालाबों में गंबूजिया मछली डाली गई हैं जो कि मच्छर के लारवा को पूर्ण मच्छर बनने से पहले ही खा जाती हैं।